# सीवरेज के लिए तोड़ी सड़क का काम अधर में छोड़ा, ग्रामीणों को निकलने में हो रही परेशानी

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी कस्बे में सीवरेज के लिए तोड़ी गई सड़क का निर्माण कार्य अधर में छोड़ देने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या से परेशान होकर सोमवार को ग्रामीणों ने सड़क का निर्माण करवाने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि खेतड़ी कस्बे में सीवरेज व पेयजल के लाइन डालने को लेकर ठेका कंपनी की ओर से कस्बे की सड़कों को जगह-जगह तोड़ दिया गया, लेकिन सड़क का दोबारा से निर्माण कार्य नहीं होने के कारण आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है। कस्बे के वार्ड नंबर सात में ठेका कंपनी की ओर से पेयजल व सीवरेज के लाइन डालने के लिए सड़क को तोड़ा गया था। ठेका कंपनी की ओर से लाइन तो डाल दे गई, लेकिन सड़क का निर्माण कार्य अधर में ही छोड़ दिया गया। सड़क का निर्माण कार्य अधूरा रह जाने के कारण सड़क पूरी तरह से क्षितग्रस्त हो चुकी है, जिससे वार्ड वासियों को निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़



सड़क का निर्माण कार्य अधूरा रह जाने के कारण सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

रहा है। वार्ड में सड़क के निर्माण कार्य को लेकर ठेका कंपनी के इंजीनियर व ठेकादार से इस संबंध में पूर्व में भी अवगत करवाया जा चुका है। जिस पर उन्होंने जल्द सड़क का निर्माण करने का आश्वासन दिया गया था। इसके बावजूद भी ठेका कंपनी की ओर से कोई कदम नहीं उठाए जाने से सड़क की हालत काफी दयनीय बनी हुई है। घरों से निकलने वाला पानी क्षितग्रस्त सड़क में जमा हो जाता है, जिससे लोगों का आवागमन भी बंद हो जाता है।

इसके अलावा नालियों का पानी सड़क पर आ जाने से गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, जिसे मौसमी बीमारियां भी फैलने

- **पाइप लाइन टूटने से आम रास्ते में भरा पानी**

का खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में स्थानीय प्रशासन को भी ग्रामीणों की ओर से अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन प्रशासन की ओर से भी सड़क के निर्माण को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि ठेका कंपनी व प्रशासन की ओर से जल्द ही सड़क के निर्माण कार्य को लेकर कोई महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाया गए तो ग्रामीणों की ओर से उपखंड कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में ठेका कंपनी के साईट प्रभारी सौरभ ने बताया कि वार्ड सात में पेयजल लाइन टूटने से कार्य प्रभावित हो गया। जिसको ठीक करने के लिए कर्मचारी लगाए गए है, जल्द ही पेयजल लाइन ठीक कर सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# रावणा राजपूत समाज ने बैठक कर भाजपा प्रत्याशी संतोष मेघवाल को समर्थन दिया



सुजानगढ़ के बागड़ा भवन में प्रेम सिंह पंवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाती संतोष मेघवाल।

**सुजानगढ़,** (निसं)। रावना राजपूत समाज की बैठक बागडा भवन में हुई। बैठक में भाजपा प्रत्याशी संतोष मेघवाल को हाथ खडे करके समाज के द्वारा समर्थन दिया गया।

संतोष मेघवाल को समर्थन देते हुए रावना राजपूत के नेता प्रेम सिंह पंवार ने कहा की उन्होंने कांग्रेस में हो रहे अपमान, अन्याय से परेशान होकर कांग्रेस पार्टी छोडकर समाज के लोगों के कहने पर यह निर्णय लिया है। प्रेम सिंह ने कहा की समाज के कुछ लोग कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में गैर समाज के लोगों की बैठक करवाकर रावना राजपूत समाज का समर्थन दिलाया था। जबकि पूरा समाज एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी संतोष मेघवाल के समर्थन में साथ है। प्रेम सिंह को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर संतोष ने सदस्यता ग्रहण करवाई। भाजपा प्रत्याशी संतोष मेघवाल ने कहा की वे इस सम्मान व समर्थन से अभिभूत है। उन्होंने कहा की वे सभी वर्गो को साथ लेकर कार्य करेगी तथा रावना राजपूत समाज का विशेष ख्याल आगामी समय में रखा जाएगा।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जय श्री दाधीच, महेंद्र सिंह इन्यारा, लक्ष्मण सिंह, गजेंद्र सिंह, मालू सिंह भाटी, नानू सिंह बडगुर्जर, शीशपाल सिंह पार्षद, भरत सिंह सुजानगढ, भंवर सिंह सोलंकी,पंचायत समिति सदस्य गुमान सिंह, गोविंद सिंह चारिया सहित बडी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

# भाजपा प्रत्याशी अभिषेक मटोरिया का सघन जनसंपर्क अभियान जारी



गांव की उगाड़ में जनसभा को सम्बोधित करते भाजपा प्रत्याशी।

**नोहर,** (निसं)। मैने कभी थाने तहसील व भेदभाव की राजनीति नही की। मैने केवल और केवल विकास की राजनीति की हैं। मैने पूरी पारदर्शिता व साफगोई से अपनी बात जनता के बीच रखी हैं। मैने बिना किसी भेदभाव के केवल और केवल नोहर क्षेत्र के विकास कार्यों को ही प्राथमिकता दी हैं। मेरे दस साल विधायक रहते हुए क्षेत्र में अनगिनत विकास कार्य हुये।

यह बात भाजपा प्रत्याशी अभिषेक मटोरिया ने सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क के दौरान कही। अभिषेक मटोरिया ने कहा कि बीते पांच सालों में नोहर विधानसभा क्षेत्र में केवल और केवल भेदभाव की राजनीति हुई हैं। वोटो के अंक गणित के हिसाब से मनमाने तरीके से कार्य करवाये गये हैं। पांच सालों में क्षेत्र की जनता ने लगातार प्रताडऩा झेली हैं। मटोरिया ने कहा कि कांग्रेस और विकास का दूर-दूर तक कोई नाता नही हैं। कांग्रेस पार्टी भाई-भतीजावाद की राजनीति में विश्वास करती हैं। जो पार्टी पूरे पांच साल तक कुर्सी बचाने में लगी रही वो प्रदेश की जनता का क्या भला करेगी। सरकार होटलों में केद रही उधर लगातार पेपरलीक होते रहे। युवाओं के भविष्य अंधकारमय कर दिया। आज प्रदेश का हर युवा प्रतिशोध की भावना में जल रहा हैं। मटोरिया ने कहा कि राजस्थान में आने वाला समय भाजपा का होगा। क्षेत्र की जनता सरकार में हिस्सेदारी का मन बना चुकी हैं। अभिषेक मटोरिया ने कहा कि किसानों को पांच साल बीत जाने के बाद भी कर्जमाफी का इंतजार हैं। कांग्रेस ने दस दिन में कर्जमाफी करने की बात कही थी। लेकिन पूरे पांच साल बीत जाने के बाद भी किसानों का कर्ज माफ नही हुआ। अभिषेक मटोरिया ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया।

इस मौके पर पूर्व प्रधान उर्मिला बिजारणीया, अमरसिंह पूनिया, मेहरूनिशा टाक, दसनाम गोस्वामी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल भारती, रामकृष्ण भाकर सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे। चांदेड़ी बड़ी गांव में अनेक लोगों ने कांग्रेस छोडक़र भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पीलीबंगा में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली में अभिषेक मटोरिया के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुये। कार्यकर्ताओं में जौश देखते ही बन रहा था। अभिषेक मटोरिया ने बताया कि पीलीबंगा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली ऐतिहासिक रही। प्रधानमंत्री की रैली के बाद जिले में चुनावी फिजा पूरी तरह बदल चुकी हैं। मटोरिया ने रैली में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के भाग लेने पर आभार जताया।

## प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा संचालित पशु विज्ञान केन्द्र, झुंझुनू द्वारा सोमवार को पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान का महत्व विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ प्रमोद कुमार के निर्देशन में केंद्र के डॉ विनय कुमार ने पशुपालकों को बताया की कृत्रिम गर्भाधान नस्ल सुधार के लिये एक महत्वपूर्ण तकनीक है। इसको अपनाकर नस्ल सुधार से दूध उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। भारत सरकार भी पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान पर जोर दे रही है ताकि पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान में उच्च गुणवता वाले सांडों के वीर्य का प्रयोग करके नस्ल सुधार से दूध उत्पादन में बढ़ोतरी हो ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा सके। इसके लिये गायों और भैंसो में उच्च गुणवत्ता वाले सांडों के वीर्य का प्रयोग करके नस्ल सुधार से दूध उत्पादन को बढ़ाना है। कृत्रिम गर्भाधान वह तकनीक है जिसमें जीवित शुक्राणुओं के साथ वीर्य को नर पशु से एकत्रित किया जाता है और उपकरणों की सहायता से मद चक्र के उचित समय पर मादा पशु के प्रजनन अंग में प्रवेश कराया जाता है। पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान से पशुपालकों को सांडों की तलाश में भटकना नहीं पड़ता है, कृत्रिम गर्भाधान नस्ल सुधार के लिये एक उपयुक्त विधि है।

# पहले यू.पी., बिहार में अब राजस्थान में गैंगवॉर: दुष्यंत चौटाला




सभा को संबोधित करते जे.जे.पी. उम्मीदवार रघुवीर सिंह तंवर भूदोली।

**पाटन,** (निसं)। पहले यूपी, बिहार में गैंगवार होती थी जो अब राजस्थान में हो रही है, यह बात सोमवार को हरियाणा राज्य के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने नीमकाथाना के नेहरू स्टेडियम में रघुवीर सिंह तंवर भूदौली के पक्ष को मजबूती प्रदान करने के लिए आयोजित जन सभा को संबोधित करते हुए कही।

चौटाला ने आगे कहा कि नीमकाथाना में खनन माफिया वोट मांगते फिर रहे हैं, इन्हें वोट की चोट देनी होगी। नीमकाथाना का विकास करवाना है तो रघुवीर सिंह तंवर के पक्ष में मतदान कर इनको विजयी बनाएं।नीमकाथाना विधान सभा क्षेत्र से जेजेपी उम्मीदवार रघुवीर सिंह तंवर भूदौली ने अपने संबोधन में कहा कि नीमकाथाना से अनपढ़ विधायक भेजा गया जो विधानसभा में एक बार भी नहीं बोले। भूदौली ने आगे कहा कि नीमकाथाना में अबकी बार विधानसभा चुनाव में एक तरफ माफिया है तो दूसरी तरफ आपका बेटा जो शिक्षा व चिकित्सा सेवा का कार्य कर रहा है, एसे में नीमकाथाना का भविष्य वोट से आपको तय करना है।

सभा को हरियाणा राज्य के जुलाना विधायक अमरजीत सिंह डांडा, चरखी दादरी पूर्व विधायक राजदीप फोगाट, विमला चौधरी, उपमुख्यमंत्री चौटाला के निजी सचिव जगदीश सिहाग, राजस्थान तंवर राजपूत समाज के अध्यक्ष डॉ शिवराज सिंह, कल्याण सिंह, गिरवर सिंह भूदौली, शेर सिंह तंवर आदि ने भी संबंधित किया।

सभा में दिनेश कुमार, भवानी सिंह, राजेन्द्र सिंह नाथाकीनांगल, कैप्टेन रंजीत सिंह नाथाकीनांगल, सुरेश गुर्जर, बाबू लाल सैनी, राजेश बावरीया, होशियार सिंह कुरबड़ा आदि समेत हजारों लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन हमीर सिंह मंढा ने किया।

## आमजन में वाट्सअप चैनल का क्रेज

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला प्रशासन द्वारा 4 दिन पहले ही नवाचार करते हुए डिस्ट्रिक्ट एडमिनस्ट्रेशन झुंझुनू नाम से वाट्सएप चैनल बनाया गया था, जिस पर सोमवार को फालोअर्स की संख्या 12 हजार को पार कर गई है। जिला कलेक्टर बचनेश कुमार अग्रवाल ने इसके लिए जिलेवासियों और जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दी है। गौरतलब है कि सूचना क्रांति के इस दौर में जिला प्रशासन ने आमजन से जुडऩे और उन तक विभिन्न विभागों के कार्य, फैसले, जिला प्रशासन के निर्णय, समाचार आदि पहुंचाने के लिए यह वाट्सअप चैनल शुरु किया था। जिला कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि वाट्सएप एक ऐसा माध्यम बन गया है, जो आमजन बहुतायत में उपयोग करते हैं। मीडिया के विभिन्न साधनों की अपनी सीमाएं हैं लेकिन वाट्सएप सामान्यतया हम आदतन कुछ ही देर में चैक करते रहते हैं, ऐसे में जिला प्रशासन से जुड़ी अपडेट्स पहुंचाने के लिए यह एक बेहतर माध्यम साबित होगा। इस पर विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करके, उनसे जुड़े कार्यों की अपडेट्स भी पहुंचाई जाएंगी, ताकि आमजन को लाभ हो। बकौल जिला कलेक्टर इस वाट्सएप चैनल के जरिए ग्लोबल विलेज की अवधारणा फलीभूत होकर गुड गवर्नंस की धारणा सार्थक हो सकेगी।

## सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण

**झुंझुनूं,** (निसं)। विधानसभा आम चुनाव कार्य के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों, सेक्टर पुलिस अधिकारियों एवं सीएपीएफ अधिकारियों को सोमवार को केन्द्रीय पर्यवेक्षकों द्वारा चुनाव में प्री पोल डे व पोल डे पर किये जाने वाले कार्य, सतर्कता व दायित्व तथा ईवीएम व वीवीपैट संबंधी मतदान दलों के समक्ष आने वाली समस्याओं व सेक्टर ऑफिसर स्तर पर उनका समाधान के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक सुनील कुमार सिंह, जसविन्द्रर कौर सिद्दू, रितेन्द्र नारायण बासुराय चौधरी, डॉ. सौम्या मिश्रा, अजय डी कुलकर्णी ने अधिकारियों से चर्चा कर उनके संशय को दूर किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी बचनेश अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई भी उपस्थित रहे। दो पारियों में आयोजित हुए इस प्रशिक्षण शिविर में जिले की सातों विधानसभा क्षेत्रों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# फैसिलिटेशन सेंटर पर जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज ने मत का प्रयोग किया

**पाटन,** (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोई भी मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित न रहे इसी उद्देश्य से मतदान कार्यों में लगे कार्मिकों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र एवं अन्य जिलों के कार्मिकों के लिए सुविधा केन्द्र बनाए गए हैं।

सोमवार को जिला कलक्टर श्रुति भारद्वाज ने उपखंड कार्यालय नीमकाथाना में बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने यहां पर आए अन्य मतदाताओं से भी इस बारे में चर्चा की ओर निर्वाचन आयोग की इस पहल की सराहना की। जिला कलक्टर श्रुति भारद्वाज ने मतदान कर जिले के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। जिला कलक्टर ने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र द्वारा प्रदत्त सबसे बड़ा संवैधानिक



जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज ने उपखंड कार्यालय नीमकाथाना में बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

अधिकार है। इस अवसर पर उन्होंने नीमकाथाना के सभी मतदाताओं से मतदान दिवस 25 नवंबर को मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान करने की अपील की। कलक्टर ने सभी मतदाताओं से कहा कि मैंने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है। आप सभी अपने मतदान केंद्र पर जाकर वोट डाले। वास्तव में यह जनतंत्र का त्यौहार है, मतदान करें,जनतंत्र को और सशक्त बनाए।

## युवाओं ने दिया मतदान का संदेश

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्वीप अभियान के अंतर्गत सतरंगी सप्ताह के पंचम दिवस पर जिले के खिलाडिय़ों, छात्रों एवं नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों द्वारा युवा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। युवाओं ने जोशपूर्ण नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट से जिला स्टेडियम तक रैली निकाल कर जिले के सभी निवासियों विशेषकर युवा मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी बचनेश कुमार अग्रवाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद जवाहर चौधरी, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग बिजेन्द्र सिंह राठौड़, जिला खेल अधिकारी राजेश ओला, प्रिंसिपल मोरारका कॉलेज सुरेंद्र सिंह, समन्वयक नेहरू युवा केंद्र मधु यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मंगलवार को सतरंगी सप्ताह के छठे दिवस पर महिला शक्ति द्वारा कलेक्ट्रेट से महिला एवं बाल विकास कार्यालय तक जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता रैली निकाली




मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जन जागरूकता रैली निकाली।

**नोहर,** (निसं)। विधानसभा चुनाव के तहत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन की ओर से पुरजोर प्रयास किया जा रहे हैं। इसके तहत स्वीप गतिविधियों का आयोजन जारी है।

इसी कड़ी में एसडीएम सत्यनारायण सुथार के निर्देशानुसार मतदान प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य के साथ जन जागरूकता रैली निकाली गई। शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए गुजरी रैली में विभिन्न विभागों के कार्मिक व स्कूली बच्चों ने भाग लिया। रैली में नागरिकों से 25 नवंबर को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई।

एसडीएम सत्यनारायण सुथार ने बताया की स्वीप गतिविधियों के तहत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत नुक्कड़ नाटक, जन जागरूकता रैली, मेहंदी प्रतियोगिता, फोटो प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता तथा राजस्थानी गानों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

# मोहता वाटिका में माकपा की जनसमर्थन रैली आयोजित




मोहता वाटिका में माकपा की आयोजित जनसमर्थन रैली में सम्बोधित करते वक्ता व उपस्थित किसान।

**सादुलपुर,** (निसं)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी सादुलपुर की सीट माकपा से उम्मीदवार कॉमरेड सुनील पूनिया की जन समर्थन रैली सादुलपुर में मोहता वाटिका में संपन्न हुई। जिसमें पोलित ब्यूरो सदस्य व पूर्व राज्यसभा सांसद कॉमरेड वृंदा करात और पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हिमाचल व सीपीएम के केंद्रीय कमेटी सदस्य विक्रम सिंह, कॉमरेड निर्मल प्रजापत, कामरेड उमराव सिंह, डीवाईएफआई सदस्य रामचंद्र टोडरवास, सचिन चोपडा, अनीश धायल, साहिल कुरेशी, बेघराज राजपुरोहित, मोहन शर्मा, महावीर, बिल्लू गुरेरा, रतन सिंह चैनपुरा, राजेंद्र खुड्डी, सोनू जिलेवा आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

कामरेड वृंदा करात ने बताया की देश में मोदी सरकार ने किसान और मजदूर की आर्थिक हालात बेहद खराब कर रखी है और राज्य की कांग्रेस सरकार ने बहुत से निजीकरण किया है और किसानों के खिलाफ है। वृंदा करात में कॉमरेड पूनिया को किसानो और मजदूरों से वोट देने की अपील की है ताकि किसान और मजदूर का बेटा विधानसभा में किसान और मजदूर की आवाज बनकर गूंज उठे।

कामरेड विक्रम सिंह ने बताया की की देश में मोदी सरकार में महंगाई कितनी बढ चुकी है डीजल पेट्रोल आदि के भाव भी आसमान को छू रखे हैं। विक्रम सिंह ने बताया कि कॉमरेड सुनील पूनिया ने राजगढ विधानसभा के लिए किसानों के लिए 48 डिग्री टेंपरेचर में पैदल चलकर किसानों को जागरूक करने का काम किया है और फसल बीमा क्लेम दिलवाने का काम किया है। अब हर किसान का हक है कि वह अपने किसान के बेटे का समर्थन करें और राजस्थान की विधानसभा में कॉमरेड सुनील पूनिया को पहुंचाने का काम करें। कॉमरेड निर्मल ने कॉमरेड पूनिया को वोट दिलाने के लिए अपील की है।

# भाजपा और कांग्रेस सरकार ने पूंजीपतियों को दिया बढ़ावा: मायावती

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ीनगर के नेहरु मैदान में सोमवार को बसपा प्रत्याशी के समर्थन में आम सभा का आयोजन किया गया। बसपा सुप्रीमो मायावती ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में ऐसा ट्रेंड चल रहा है कि एक बार बीजेपी तो एक बार कांग्रेस की सरकार बन रही है, जो हर 5 साल में प्रदेश की जनता को लूटने का काम कर रही है।

भाजपा और कांग्रेस की सरकार में पूंजीपतियों को बढ़ावा मिला है, लेकिन आमजन को ऐसी कोई राहत नहीं दी की जनता अपने सुख मय जीवन यापन कर सके। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने दलित व शोषित वर्ग को आगे बढाने के लिए आरक्षण प्रथा को लागू किया था, लेकिन अब इस आरक्षण व्यवस्था को इन सरकारों की ओर से खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। दलित, शोषित, अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने की बजाय उन्हें और कमजोर करने के प्रयास किया जा रहे हैं, जिसे कभी




बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करने का आव्हान किया।

- **बसपा बिना इनके समर्थन लड़ रही है चुनाव, केंद्र सरकार की गलत नीतियों से देश की जनता परेशानः बसपा सुप्रीमो**

सहन नहीं किया जाएगा। बसपा पार्टी कांग्रेस व भाजपा के समर्थन के बिना ही प्रदेश में अपने उम्मीदवार उतार कर चुनाव लड रही है। उत्तर प्रदेश में जब बसपा की सरकार बनी तो सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय के तहत प्रदेश के विकास में भागीदारी निभाई थी, लेकिन अब भाजपा में कांग्रेस की ओर से उत्तर प्रदेश जैसे बडे राज्य को प्रगति पथ पर ले जाने की बजाय पूंजीपत्तियो की और ले जाने का काम किया जा रहा है।

इस दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती ने झुंझुनू, सीकर, चूरू, नीम का थाना जिले में बसपा से उतरे प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करने का आ ान किया। कार्यक्रम के दौरान बसपा प्रत्याशी मनोज घुमरिया ने चांदी से बना हाथी भेंट कर बसपा सुप्रीमो मायावती का सम्मान किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद रामजी गौतम, सुभाषचंद्र मारीगसर, प्रदेशाध्यक्ष भगवान सिंह बाबा, प्रेम बारूपाल, डॉ इंद्राज सिंह मेघवाल, मधु मनोज घुमरिया, केसी घुमरिया, शंकर सिंह सेफरागुवार, सुरेंद्र फौजी, भागीरथ सिंह, राजवीर यादव, हनुमान जाखड़, कृष्ण कुमावत, हरमेंद्र चनानिया, गोकुलचंद मेहरड़ा, ओमप्रकाश, श्योराम, आशीष कुमार, नरेंद्र सैनी, सुरेश सैनी, बाबूलाल सैनी, रविंद्र सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।